प्रेषक,

गोपनीय

(17)

डा० जी० पी० श्रीवास्तव,
प्राध्यापक एवं अध्यक्ष,
कृषि जीवरसायन विभाग,
चं०शे०आजाद कृषि एवं प्रौ०वि०वि०,
कानपुर ।

प्रेष्य,

कुलपति एवं अध्यक्ष प्रबन्ध मण्डल,
चं०शे०आजाद कृषि एवं प्रौ०वि०वि०,
कानपुर ।

Vice Chancellor Office
C.S. Azad University of Agril. & Tech. Kanpur
D. No. 1068
16-5-97

पत्रांक:एबीसी – 169-2 /97 दिनांक:मई 15, 1997

महोदय,

मैं आपका ध्यान चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 3 जनवरी, 1997 को सम्पन्न हुई 102 वीं बैठक में लिये गये निम्न निर्णय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

मद सं०-10 <u>अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव</u>।

पूरक-1 : प्रबन्ध मण्डल की 99 वीं बैठक दिनांक 8-12-1995 मद सं० पूरक-1 द्वारा विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की वरिष्ठता निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति के पुनर्गठित किये जाने के परिचालन द्वारा पारित प्रस्तावों पर <u>औपचारिक अनुमोदन प्रदान करना ।</u>

प्रबन्ध मण्डल ने परिचालन द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव पर अपना औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया ।

प्रबन्ध मण्डल के कतिपय सदस्यों ने समिति के गठन पर असहमति व्यक्त की एवं शासन के पत्र दिनांक 2.1.97 के परिप्रेक्ष्य में प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि अगली बैठक में समिति का गठन का प्रस्ताव लाया जाय जिससे इस पर गहन विचार विमर्श किया जा सके ।

उक्त निर्णय की प्रति एवं शासन के पत्र दिनांक 2.1.97 की प्रतियां सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है । (संलग्नक 1 व 2) ।

इस सम्बन्ध में निवेदन है कि प्रबन्ध मण्डल के उपरोक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक में प्रोफेसरों की वरिष्ठता निर्धारण हेतु समिति के गठन सम्बन्धी प्रस्ताव विचार हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें क्योंकि इस प्रस्ताव के निर्णय पर ही विश्वविद्यालय में मेरी वरिष्ठता निर्धारित करने का निर्णय भी निर्भर करता है (यद्यपि वर्तमान समय में मैं कृषि संकाय का वरिष्ठतम प्रोफेसर एवं हेड हूँ) ।

अतः निकट भविष्य में होने वाली प्रबन्ध मण्डल के 103 वीं बैठक में सम्बन्धित प्रस्ताव ले जाने की कृपा करें ।

भवदीय,

(जी० पी० श्रीवास्तव)
प्रोफेसर एवं हेड

Comptroller

पत्रांक:एबीसी– /97 दिनांक:उपरोक्त ।

प्रतिलिपि अर्थ नियंत्रक एवं सचिव, प्रबन्ध मण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

AAO (Board)

(जी० पी० श्रीवास्तव)
प्रोफेसर एवं हेड

17/5

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 102वीं बैठक की कार्यवाही ।

---

दिनांक: 3 जनवरी, 1997 समय: पूर्वान्ह 11.30बजे

स्थान : कुलपति कार्यालय कक्ष, कानपुर ।

उपस्थिति :

| | |
|---|---|
| 1- डा0 इन्द्र पाल सिंह यादव, कुलपति | - अध्यक्ष |
| 2- श्री आर0पी0 सिंह, विशेष सचिव (कृषि) | - सदस्य (कृषि सचिव के प्रतिनिधि) |
| 3- डा0 मंगला राय, अतिरिक्त महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0 । | - सदस्य |
| 4- श्रीमती संतोष कश्यप | - सदस्य |
| 5- श्री हरिगोविन्द कुशवाहा | - सदस्य |
| 6- श्री सुन्दर लाल, अर्थ नियन्त्रक | - सचिव |

मद सं0-1 : प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 26-7-96 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने गत बैठक दिनांक 26-7-96 की कार्यवाही पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

मद सं0-2 : डा0 चन्द्र भूषण, सह-आचार्य, पारजैविकी विभाग, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा के त्याग पत्र को दिनांक 12-3-96 से स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 चन्द्र भूषण, सह-आचार्य, पारजैविकीय विभाग, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा के त्याग पत्र को दिनांक 12-3-96 से स्वीकृत कर दिया ।

मद सं0-3 : डा0 आर0पी0 सिंह, प्रोफेसर, पोल्ट्री साइंस को दिनांक 6-7-96 से 2 वर्ष अथवा इससे पूर्व सेवा निवृत्त की तिथि, जो भी पहले हो, के लिये उ0प्र0 सरकार के अधीन प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ाये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

मद सं0-4 : डा0 एम0 शाबिर, आचार्य फार्माकोलाजी, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा को स्वास्थ्य मन्त्रालय, कुवैत में कार्यभार ग्रहण होने की तिथि से 2 वर्ष का असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

मद सं0-5 : कृषि अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा में रिक्त पदों पर नियुक्तियां न हो पाने के कारण उत्पन्न समस्या पर विचार ।

---

कुलपति एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर चर्चा करते हुये सदस्यों को इटावा महाविद्यालय में शिक्षकों/शिक्षणेत्तर पदों पर नियुक्तियाँ अब तक न हो पाने के कारण उत्पन्न शिक्षण अव्यवस्था से अवगत कराया कि छात्रों का शिक्षण कार्य संहत वेतन अथवा प्रति घंटा की दर से शिक्षकों को नियुक्त करके ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार कराया जा रहा है, जो इंजीनियरिंग के छात्रों के लिये कतई उचित नहीं है ।

इसी संदर्भ में कुलपति ने अवगत कराया कि दिनांक 27 व 28 फरवरी, 96, दिनांक 9

---2

10- लैब टेक्निशियन ग्रेड-1 (विद्युत)
वेतनमान रु0 1400-2600

श्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी पुत्र श्री आर0एस0 त्रिपाठी
प्रतीक्षा सूची-1- श्री बृजेश सिंह पुत्र श्री बदन सिंह

11- लैब टेक्निशियन ग्रेड-1 (यांत्रिक)
वेतनमान रु0 1400-2600

श्री बलराम पुत्र श्री उदा प्रसाद
प्रतीक्षा सूची-1- श्री कुलदीप कुमार
पुत्र श्री आर0एस0 कटियार

साक्षात्कार की तिथि 26 दिसम्बर, 1996

12- सह-प्राध्यापक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग
वेतनमान रु0 3700-5700

श्री जगदीश प्रसाद यादव
प्रतीक्षा सूची-1- श्री अनिल कुमार सिंघल

13- उप कुलसचिव
वेतनमान रु0 3000-4500

श्री बृजेन्द्र कुमार यादव
(बगैर अग्रिम वेतन बृध्दि के)
प्रतीक्षा सूची-1- डा0 महेन्द्र सिंह

**मद सं0-6 : चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजनेत्तर/आयोजनागत योजनाओं में काफी समय से रिक्त चले आ रहे पदों को भरने की अनुमति हेतु प्रस्ताव ।**

---

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिये कि प्रस्ताव शासन को भेज कर स्वीकृति प्राप्त की जाय ।

**मद सं0-7 : डा0 अंशुमन खन्ना, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) का दिनांक 25-10-96 के पूर्वान्ह त्याग पत्र स्वीकृत करने विषयक ।**

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

**मद सं0-8: चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के गृह विज्ञान संकाय हेतु शासन द्वारा विधिवत अधिष्ठाता की शैक्षिक योग्यताओं निर्धारण/अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

---

प्रबन्ध मण्डल ने अधिष्ठाता, गृह विज्ञान के पद की निम्न शैक्षिक योग्यता रखने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

1- Doctorate in any branch of Home Science.

2- Ten years teaching/Research/Extension experience, out of which minimum of 5 years should be at the levelof Professor/equivalent position.

**मद सं0-9 : डा0 अशर्फी लाल, निलम्बित सहायक प्राध्यापक के विरुध्द चल रही जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या पर विचार ।**

---

छात्र ने थीसिस पूर्ण कर ली है तथा सहायक प्राध्यापक इतने दिनों से निलम्बित हैं ।

अतः प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि डा0 अशर्फी लाल को चेतावनी देते हुये बहाल कर दिया जाय जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो ।

मद सं0-10: <u>अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव ।</u>

पूरक-1 : प्रबन्ध मण्डल की 99वीं बैठक दिनांक 8-12-1995 मद सं0 पूरक-1 द्वारा विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की वरिष्ठता निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति के पुर्नगठित किये जाने के परिचालन द्वारा पारित प्रस्ताव पर औपचारिक अनुमोदन प्रदान करना ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने परिचालन द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव पर अपना औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया ।

प्रबन्ध मण्डल के कतिपय सदस्यों ने समिति के गठन पर असहमति व्यक्त

की एवं शासन के पत्र दिनांक 2-1-97 के परिप्रेक्ष्य में प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि अगली बैठक में समिति का गठन का प्रस्ताव लाया जाय जिससे इस पर गहन विचार विमर्श किया जा सके ।

पूरक-2: सहायक अभियन्ता वर्कशाप तथा इक्सटेंशन वेतनमान रु0 2200-4000 का पद सहायक अभियन्ता विद्युत/इलेक्ट्रानिक्स वेतनमान रु0 2200-4000 में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रसताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिये कि प्रस्ताव शासन को भेजकर स्वीकृति प्राप्त की जाय ।

पूरक-3: डा0 मोती सिंह, सह-प्राध्यापक, उद्यान विज्ञान विभाग को दिनांक 1-5-94 से 31-5-96 तक की अवधि के वेतन भुगतान किये जाने के प्रस्ताव पर विचार ।

---

डा0 मोती सिंह के विरुध्द जांच चल रही है, अतः प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि जांच आख्या आने पर प्रकरण में विचार किया जायेगा ।

पूरक-4: विश्वविद्यालय में सृजित नेमेटोलाजिस्ट के पद को सहायक प्राध्यापक (टिशू कल्चर) के पद में परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिये कि प्रस्ताव शासन को भेजकर स्वीकृति प्राप्त की जाय ।

पूरक-5: विश्वविद्यालय में सृजित आयल केमिस्ट के पद को सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर) के पद में परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर सिध्दान्त रुप में सहमति दी । चूँकि आयल केमिस्ट का पद महत्वपूर्ण है, Because oil quality has become a priority. अतः कम महत्व के पद का प्रस्ताव शासन को भेजकर स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय ।

पूरक-6: पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग द्वारा पशुपालक कृषकों को किताबी मूल्य पर उत्तम नस्ल के पशु उपलब्ध कराना ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि वर्तमान व्यवस्था ही रखी जाय ।

पूरक-7: शासनादेश संख्या-840/12-8-400(19)/84 दिनांक 10-9-84 के अन्तर्गत सेलेक्शन ग्रेड पाये सहायक प्राध्यापक तथा सह-प्राध्यापकों को प्राध्यापक पदनाम दिये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने मृदा एवं कृषि रसायन विभाग, सस्य विज्ञान विभाग एवं उद्यान विज्ञान विभाग के शिक्षकों के पदनाम दिये जाने से सम्बन्धित चयन समिति की संस्तुतियों के लिफाफों को खोलकर निम्न शिक्षकों को प्राध्यापक तथा सह-प्राध्यापक उनके नाम के सम्मुख लिखी तिथि से देने के लिये अपना अनुमोदन प्रदान किया -

--5

**विषय :** कृषि रसायन

प्राध्यापक **पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
| --- | --- |
| 1– डा0 लक्ष्मी कान्त लहरी | 1.1.86 |
| 2– डा0 के0एस0 अवस्थी | 1.1.86 |
| 3– डा0 आर0एस0 सिंह | 1.1.87 |
| 4– डा0 बी0आर0 गुप्ता | 1.1.87 |
| 5– डा0 के0एन0 द्विवेदी | 1.1.88 |
| 6– डा0 मनमोहन अग्रवाल | 1.1.90 |
| 7– डा0 डी0एन0 शर्मा | 1.1.90 |
| 8– डा0 राजमनी उपाध्याय | 1.1.90 |
| 9– डा0 आर0के0 पाठक | 1.1.92 |
| 10– डा0 बिजेन्द्र कुमार | 1.1.92 |
| 11– डा0 वी0पी0 सक्सेना | 1.1.93 |

चयन समिति ने डा0 यू0एन0 सिंह को दिनांक 1.1.93 से प्राध्यापक पदनाम देने की संस्तुति की है लेकिन प्राध्यापक वेतनमान (रु0 4500–7300) देय न होने के कारण कुलपति के आदेश दिनांक 2–9–96 द्वारा निरस्त कर दिया गया है । अतः प्रबन्ध मण्डल ने डा0 सिंह को प्राध्यापक पदनाम प्रदान न करने का निर्णय लिया ।

सह–प्राध्यापक **पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
| --- | --- |
| 1– डा0 एस0के0 अग्रवाल | 1.1.88 |
| 2– डा0 पीतम सिंह | 1.1.88 |
| 3– डा0 राम जी पाण्डेय | 1.1.88 |
| 4– डा0 जगपाल सिंह | 1.1.88 |
| 5– डा0 भारत सिंह | 1.1.91 |
| 6– डा0 हरी राम | 1.1.91 |
| 7– डा0 श्री कान्त मिश्र | 1.1.91 |
| 8– डा0 ईश्वरी | 1.1.91 |
| 9– डा0 महेश चन्द्र मिश्र | 1.1.92 |
| 10–डा0 अमर पाल सिंह | 1.1.92 |
| 11–डा0 सी0पी0 शर्मा | 1.1.92 |
| 12–डा0 वी0एन0 तिवारी | 1.1.93 |

**विषय :** सस्य विज्ञान

प्राध्यापक **पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
| --- | --- |
| 1– डा0 वी0एस0 वर्मा | 1.1.86 |
| 2– डा0 ए0एन0 तिवारी | 1.1.87 |
| 3– डा0 अमर सिंह | 1.1.87 |
| 4– डा0 महेश पाल | 1.1.87 |
| 5– डा0 चन्द्र भन | 1.1.93 |
| 6– डा0 सरदार सिंह | 1.1.88 |
| 7– डा0 एच0एन0 त्रिपाठी | 1.1.88 |

—6

**सह–प्राध्यापक पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
|---|---|
| 1– डा0 केदार प्रसाद | 1.1.86 |
| 2– डा0 जनार्दन सिंह | 1.1.86 |
| 3– डा0 किशोरी प्रसाद वर्मा | 1.1.86 |
| 4– डा0 जसपाल सिंह | 1.1.87 |
| 5– डा0 हरी बाबू चौहान | 1.1.87 |
| 6– डा0 राजपाल सिंह खोखर | 1.1.91 |
| 7– डा0 आर0एन0 वर्मा | 1.1.91 |
| 8– डा0 सुरजीत सिंह | 1.1.91 |
| 9– डा0 डी0सी0 केम | 1.5.91 |

**विषयः** उद्यान विज्ञान

**प्राध्यापक पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
|---|---|
| 1– डा0 ए0आर0 सिंह | 1.1.88 |
| 2– डा0 आर0पी0 सिंह | 1.1.89 |
| 3– डा0 जी0एस0 गौर | 1.1.90 |
| 4– डा0 वी0एन0 मौर्य | 1.1.93 |

**सह–प्राध्यापक पदनाम**

| क्र0सं0 शिक्षकों का नाम | दिनांक |
|---|---|
| 1– डा0 एन0सी0 पाण्डेय | 1.1.87 |
| 2– डा0 एच0एस0 शुक्ला | 1.1.89 |
| 3– डा0 ओ0पी0 चतुर्वेदी | 1.1.93 |

**पूरक–8 :** डा0 मुकेश श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग को सहायक प्राध्यापक, बेलाताल के पद से सहायक प्राध्यापक बायरोलाजी, कानपुर के पद पर स्थाई रुप से समायोजित किया जाना ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिये कि बेलाताल शोध केन्द्र पर शोध कार्य की सुविधायें उपलब्ध करायी जायं । कुलपति विश्वविद्यालय के हितों का ध्यान रखते हुये डा0 मुकेश श्रीवास्तव की सेवाओं का उपयोग आवश्यकतानुसार कर लें ।

बैठक के अन्त में प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह कराने की तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाय ।

बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हो गयी ।

**अनुमोदित**

[signature] 4-1-97
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल

[signature]
(सुन्दर लाल)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल